## एल एल0 बी0 में प्रवेश सम्बंधित प्रेस विज्ञप्ति

श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के प्राचार्य प्रो० विनोद चंद्र ने बताया कि एल एल0 बी0 में प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट आज, दिनांक 31 जुलाई 2025, को निर्गत कर दी गयी है। मेरिट लिस्ट महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। प्रथम मेरिट पर काउंसलिंग के उपरांत प्रवेश दिनांक 1 अगस्त 2025 से 3 अगस्त 2025 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक प्रतिदिन किया जायेगा।

मेरिट लिस्ट में नाम आने पर, प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपने समस्त शैक्षणिक, आरक्षण एवं भारण सम्बन्धी प्रपत्र, अपार आई डी एवं आधार कार्ड, मूल प्रति एवं 2 छायाप्रतियों में रजिस्ट्रेशन फार्म के प्रिंटआउट सहित विधि विभाग में काउंसलिंग के लिए उपस्थित होंगे। काउंसलिंग के उपरांत शाम 5 बजे के बाद 48 घंटे के अंदर अपनी फीस जमा करवा देंगे। निर्धारित समय सीमा में काउंसलिंग न करवा पाने अथवा फीस न जमा करने पर विद्यार्थी अपनी उम्मीदवारी का अधिकार खो देगा।

| **OPEN** | **OBC** | **SC** | **ST** | **EWS** |
|---|---|---|---|---|
| 71.50% | 64.75% | 60.65% | 48.61%. | 58.95% |
| PH-42.44%<br>DEF-40.44%<br>FF-76.00% | FF-60.10%<br>DEF-56.35% | | | |

PH- Physically Challenged; DEF – Wards of Defence Personnel serving in UP; FF – Wards of Freedom Fighter; EW – Wards of Employees of Lucknow University and Associated Colleges

Vchandra

प्रो० विनोद चंद्र
प्राचार्य

## स्नातक एवं परास्नातक में प्रवेश सम्बंधित प्रेस विज्ञप्ति

श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के प्राचार्य प्रो० विनोद चंद्र ने बताया कि बी0ए0 एवं बी0 काम0 में स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत महाविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। इसके लिए फार्म भरते समय बी० ए०-(एस एफ) एवं बी० काम० (एस एफ) कोर्स का चयन करना होगा। इसके प्रवेश की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी।

सभी परास्नातक कोर्स , बी0एस-सी मैथ्स , बी0एस-सी स्टेटिस्टिक्स, बी0सी0ए0, बी0काम0 आनर्स , बी0पी0एड0 के लिए भी आवेदन खुले हुए हैं। बी0ए0 रेगुलर, बी0काम0 रेगुलर तथा बी0एस-सी बायो की आर्थिक पिछड़ा वर्ग की सीटों के अलावा सभी सीट भर चुकी हैं। अतः इन कोर्सों में आर्थिक पिछड़ा वर्ग के अलावा कोई भी अन्य वर्ग का अभ्यर्थी आवेदन न करें।

Vchandra

प्रो० विनोद चंद्र
प्राचार्य